ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

PAPER-III
HISTORY

Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) _____

   (Name) _____

2. (Signature) _____

   (Name) _____

OMR Sheet No. : .....
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No._____
(In words)

D 0 6 1 3

Time : **2 ½** hours] [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **75**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   Example : (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

HISTORY
Paper – III

Note : This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

1. The method of Radiocarbon Dating was used in India for the first time at
(A) Deccan College, Pune
(B) Physical Research Laboratory, Ahmedabad
(C) School of Archaeology, New Delhi
(D) Tata Institute of Fundamental Research, Mumbai

2. Where were the first Palaeolithic tools found in India ?
(A) Hallur
(B) Kurnool
(C) Pallavaram
(D) Tekkalkota

3. Arrange the following archaeologists in the chronological order and select the correct answer with the help of the codes given below :
(i) James Fergusson
(ii) James Princep
(iii) Alexander Cunningham
(iv) Edward Thomas

Codes :

(A)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(B)	(iv)	(ii)	(i)	(iii)
(C)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(D)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)

4. The Harappa culture people inherited the knowledge of wheat, barley and cotton cultivation from their ancestors of the following :
(A) Kot Diji
(B) Amri
(C) Mehrgarh
(D) Kalibangan

5. Match List – I with List – II and select the correct answer with the help of the codes given below :

List – I (Kingdom)	**List – II (King)**
a. Kuru	1. Nichakshu
b. Kekaya	2. Parikshita
c. Kasi	3. Asvapati
d. Vatsabhumi	4. Ajatasatru

Codes :

	a	b	c	d
(A)	2	3	4	1
(B)	1	4	2	3
(C)	3	2	1	4
(D)	4	1	3	2

6. After Hastinapur was swept away by floods the Pandavas shifted their capital to
(A) Kausambi
(B) Kurukshetra
(C) Ahichchhatra
(D) Indraprastha

7. Pataligrama, which later became the famous city of Pataliputra, had been fortified initially by
(A) Bimbisara
(B) Kalasoka
(C) Ajatasatru
(D) Udayabhadra

8. 'Dharmaraja' too was a title of
(A) Ajatasatru
(B) Asoka
(C) Kanishka
(D) Harshavardhan

9. During Alexander's invasion of India which of the following was ruled by two hereditary kings with the help of a council of elders ?
(A) Ashtakaraja (B) Abhisara
(C) Kshudraka (D) Pattala

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

इतिहास

प्रश्नपत्र – III

सूचना : इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर** (75) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. रेडियोकार्बन तिथि निर्धारण की पद्धति का प्रयोग सर्वप्रथम कहाँ हुआ था ?

(A) डेकन कालेज, पुणे

(B) फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी, अहमदाबाद

(C) स्कूल ऑफ आर्कलाजी, नई दिल्ली

(D) टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ फण्डामेन्टल रिसर्च, मुम्बई

2. भारत में पुरा पाषाणिक उपकरण सर्वप्रथम कहाँ मिले थे ?

(A) हल्लूर (B) कुरनूल

(C) पल्लवरम् (D) टेक्कलकोटा

3. निम्नलिखित पुरातत्त्ववेत्ताओं को उनके कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(i) जेम्स फर्गूसन

(ii) जेम्स प्रिंसेप

(iii) एलेक्जेण्डर कनिंघम

(iv) एडवर्ड थामस

कूट :

(A) (ii) (i) (iv) (iii)

(B) (iv) (ii) (i) (iii)

(C) (iii) (iv) (ii) (i)

(D) (i) (iii) (ii) (iv)

4. हड़प्पा संस्कृति के लोगों ने गेहूँ, जव तथा कपास की खेती का ज्ञान निम्नस्थलीय पूर्वजों से प्राप्त किया :

(A) कोट दीजी (B) अमरी

(C) मेहरगढ़ (D) कालीबंगा

5. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए एवं नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची – I (राज्य)	**सूची – II (नरेश)**
a. कुरु	1. निचक्षु
b. केकय	2. परीक्षित
c. काशी	3. अश्वपति
d. वत्सभूमि	4. अजातशत्रु

कूट :

	a	b	c	d
(A)	2	3	4	1
(B)	1	4	2	3
(C)	3	2	1	4
(D)	4	1	3	2

6. हस्तिनापुर के बाढ़ में बह जाने के बाद पाण्डवों ने अपनी राजधानी परिवर्तित की थी :

(A) कौशाम्बी में (B) कुरुक्षेत्र में

(C) अहिच्छत्र में (D) इन्द्रप्रस्थ में

7. पाटलिग्राम, जो परवर्ती काल में सुप्रसिद्ध पाटलिपुत्र नगर बन गया, का प्रारम्भ में दुर्गीकरण कराया था :

(A) बिम्बिसार ने (B) कालाशोक ने

(C) अजातशत्रु ने (D) उदयभद्र ने

8. 'धर्मराज' भी एक उपाधि थी :

(A) अजातशत्रु की (B) अशोक की

(C) कनिष्क की (D) हर्षवर्धन की

9. सिकन्दर के भारत आक्रमण के समय निम्नलिखित में से कहाँ बुजुर्गों की सभा की सहायता से दो वंशानुगत राजा शासन करते थे ?

(A) अष्टकराज (B) अभिसार

(C) क्षूद्रक (D) पत्तल

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

10. 'Pautavadhyaksha' was incharge of which department under the Mauryan administrative system ?
(A) Weights and measures
(B) Forest resources
(C) Navy
(D) Shipping

11. Match List – I with List – II and select the correct answer with the help of the codes given below :

List – I (Ancient Places)	**List – II (Modern Location)**
a. Pushkalavati	1. Begram (Afghanistan)
b. Kapisa	2. Halebid
c. Gangavadi	3. Charsadda (Peshawar)
d. Dvarsamudra	4. Mysore

Codes :

	a	b	c	d
(A)	3	2	1	4
(B)	2	1	3	4
(C)	3	1	4	2
(D)	1	3	4	2

12. Identify the Tamil anthology which is devoted to the praise of Chera Kings
(A) Narrinai
(B) Padirruppattu
(C) Aingurunuru
(D) Kuruntogai

13. Nahapana's defeat at the hands of Gautamiputra Satakarni is attested by which of the following coin-hoards ?
(A) Erakina (B) Nasik
(C) Qunduz (D) Ujjayini

14. Who among the following rulers had performed the maximum number of Asvamedha sacrifices ?
(A) Samudragupta
(B) Kumaragupta I
(C) Pushyamitra Sunga
(D) Pravarasena I

15. A drama named 'Kauntaleshwar Dautya' has been attributed to Kalidasa by
(A) Kuntalesha
(B) Bharavi
(C) Rajasekhara
(D) Kshemendra

16. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :
Assertion (A) : Harshavardhana, according to the Chinese traveller Hiuen Tsang, not only followed Buddhism, but also had a marked antipathy to the Brahmanical religion.
Reason (R) : Some seals which refer to his elder brother as a Buddhist describe Harsha as a devoted Saiva.
In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?
Codes :
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

17. Match List – I with List – II and select the correct answer with the help of the codes given below :

List – I (Ancient Towns)	**List – II (Present Site)**
a. Anahilavada	1. Mandsor
b. Aihole	2. Amaravati
c. Dhanyakatak	3. Badami
d. Dasapura	4. Patan

Codes

	a	b	c	d
(A)	2	1	4	3
(B)	4	3	2	1
(C)	3	4	1	2
(D)	4	1	2	3

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

10. मौर्य शासन-व्यवस्था में 'पौतवाध्यक्ष' किस विभाग का प्रमुख अधिकारी होता था ?

(A) माप-तौल (B) वन सम्पदा

(C) नौसेना (D) नौकायन

11. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए एवं नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची – I (प्राचीन स्थल)		**सूची – II (आधुनिक स्थिति)**
a. पुष्कलावती	1.	बेग्राम (अफगानिस्तान)
b. कपिशा	2.	हलेबिड
c. गंगवाडि	3.	चारसड्डा (पेशावर)
d. द्वारसमुद्र	4.	मैसूर

कूट :

	a	b	c	d
(A)	3	2	1	4
(B)	2	1	3	4
(C)	3	1	4	2
(D)	1	3	4	2

12. उस तमिल काव्य-संग्रह की पहचान कीजिए जिसमें चेर वंश के शासकों की प्रशंसा की गई है ?

(A) नट्रिणै (B) पदिट्टुपत्तु

(C) ऐंगुरुनूरु (D) कुरुन्दोहै

13. गौतमीपुत्र शातकर्णि के हाँथों नहपान की पराजय निम्नलिखित में से किस मुद्राभाण्ड से प्रमाणित होती है ?

(A) एरकिण (B) नासिक

(C) कुन्दुज़ (D) उज्जयिनी

14. निम्नलिखित शासकों में से किसने सर्वाधिक अश्वमेघ यज्ञों का सम्पादन किया था ?

(A) समुद्रगुप्त (B) कुमारगुप्त I

(C) पुष्यमित्र शुङ्ग (D) प्रवरसेन I

15. कालिदास को 'कौन्तलेश्वर दौत्य' नामक नाटक का रचयिता होने का श्रेय किसके द्वारा दिया गया है ?

(A) कुन्तलेष (B) भारवि

(C) राजशेखर (D) क्षेमेन्द्र

16. नीचे दो व्यक्तव्य दिए गए हैं, एक को कथन (A) कहा गया है और दूसरे को कारण (R) :

कथन (A) : चीनी यात्री ह्वेनसांग के अनुसार हर्षवर्द्धन न केवल बौद्ध धर्म का अनुयायी था वरन् ब्राह्मण धर्म का कटु विरोधी भी था ।

कारण (R) : कुछ मुद्राएँ, जो उसके अग्रज भ्राता को बौद्ध धर्मानुयायी बताती हैं, हर्ष को शैव धर्म के प्रति समर्पित करती हैं ।

उपरोक्त दो वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, तथा (A) की सही व्याख्या (R) है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (A) की सही व्याख्या (R) नहीं है ।

(C) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

17. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए एवं नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची – I (प्राचीन नगर)		**सूची – II (वर्तमान स्थल)**
a. अनहिलवाड	1.	मन्दसोर
b. ऐहोल	2.	अमरावती
c. धान्यकटक	3.	बादामी
d. दशपुर	4.	पाटन

कूट :

	a	b	c	d
(A)	2	1	4	3
(B)	4	3	2	1
(C)	3	4	1	2
(D)	4	1	2	3

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

18. The temple of Rajarajesvara is dedicated to
(A) Kartikeya (B) Siva
(C) Vishnu (D) Surya

19. Identify the dynasty, the rulers of which called themselves Brahma-Kshatriya
(A) Pratihara (B) Chalukya
(C) Sena (D) Pala

20. Who among the following rulers provided financial help for the restoration of a demolished Mosque in Khambhat ?
(A) Bhoja Paramara
(B) Mihira Bhoja
(C) Kumarapala
(D) Chamundaraja

21. Which of the following dynasties is known for the involvement of women in its administration ?
(A) Kalchuri
(B) Gahadavala
(C) Chahamana
(D) Chalukya

22. Chronologically arrange the following events and select the correct answer from the codes given below :
(i) The collapse of Chalukya kingdom of Kalyani.
(ii) Conquest of Sri Lanka by Rajendra Chola
(iii) Annexation of Yadava kingdom of Devagiri to the Sultanate of Delhi
(iv) The visit of Marco Polo, the Venetian traveller to South India.

Codes :
(A) (i) (iii) (ii) (iv)
(B) (ii) (i) (iv) (iii)
(C) (ii) (i) (iii) (iv)
(D) (i) (iv) (iii) (ii)

23. In which of the following works we get a detailed account of Firoz Shah's canal system ?
(A) Futuhat-I Firoz Shahi
(B) Tarikh-I Mubarak Shahi
(C) Tarikh-I Firoz Shahi
(D) None of the above

24. Consider the following statements on the reforms of Alauddin Khalji :
(i) Confiscation of all grants of tax-free land.
(ii) Introduction of daag and chehra in his military.
(iii) Abolition of iqtas of big nobles and military commanders.
(iv) Banning of public sale of liquor.

Select the correct answer from the codes given below :

Codes :
(A) (i), (ii) and (iii)
(B) (ii), (iii) and (iv)
(C) (i), (ii) and (iv)
(D) (i), (iii) and (iv)

25. Who among the following was an Alvar Saint ?
(A) Appar
(B) Kulasekhara
(C) Sambandar
(D) Venkatanatha

26. The Book of Marco Polo is primarily an account of
(A) Political history of South India
(B) Economic history of South India
(C) Cultural history of South India
(D) None of the above

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

18. राजराजेश्वर मन्दिर समर्पित है :

(A) कार्तिकेय को (B) शिव को

(C) विष्णु को (D) सूर्य को

19. उस राजवंश की पहचान कीजिए जिसके शासक अपने को ब्रह्म-क्षत्रिय कहते थे

(A) प्रतिहार (B) चालुक्य

(C) सेन (D) पाल

20. निम्नलिखित में से किस शासक ने खम्भात में एक क्षतिग्रस्त मस्जिद के पुनरुद्धार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की थी ?

(A) भोज परमार (B) मिहिर भोज

(C) कुमारपाल (D) चामुण्डराज

21. निम्नलिखित में से किस राजवंश को उसकी शासन-व्यवस्था में स्त्रियों की भागीदारी के लिए जाना जाता है ?

(A) कलचुरि (B) गाहड़वाल

(C) चाहमान (D) चालुक्य

22. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रम में लगाइए और नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(i) कल्याणी के चालुक्य राज्य का पतन

(ii) राजेन्द्र चोल द्वारा श्रीलंका पर विजय प्राप्त करना

(iii) यादव राज्य देवगिरि का दिल्ली सल्तनत में विलय

(iv) वेनिशीयन यात्री मार्को पोलो की दक्षिण भारत की यात्रा

कूट :

(A) (i) (iii) (ii) (iv)

(B) (ii) (i) (iv) (iii)

(C) (ii) (i) (iii) (iv)

(D) (i) (iv) (iii) (ii)

23. निम्नलिखित में से किस ग्रन्थ में फिरोज़ शाह तुग़लक की नहर योजना का विस्तृत विवरण मिलता है ?

(A) फुतुहात-ए फिरोज़शाही

(B) तारीख़-ए मुबारकशाही

(C) तारीख़-ए फिरोजशाही

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

24. अलाऊद्दीन खिलजी के सुधारों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर ध्यान दीजिए :

(i) जागीरों में दी गई समस्त राजस्व मुक्त भूमि को जब्त करना ।

(ii) अपनी सेना में 'दाग' और 'चेहरा' को लागू करना ।

(iii) बड़े अमीरों और सेनापतियों की 'इक्ता' को समाप्त करना ।

(iv) शराब की सार्वजनिक बिक्री पर पाबन्दी लगाना ।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

कूट :

(A) (i), (ii) और (iii)

(B) (ii), (iii) और (iv)

(C) (i), (ii) और (iv)

(D) (i), (iii) और (iv)

25. निम्नलिखित में से अलवार संत कौन थे ?

(A) अप्पार (B) कुलासेखरा

(C) सम्बन्दार (D) वैंकटनाथ

26. मार्को पोलो की पुस्तक मुख्य रूप से वर्णन करती है :

(A) दक्षिण भारत का राजनैतिक इतिहास

(B) दक्षिण भारत का आर्थिक इतिहास

(C) दक्षिण भारत का सांस्कृतिक इतिहास

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

27. Arrange the visit of the following foreign travellers to South India in chronological sequential order and select the correct answer from the codes given below :

(i) A Nikitin
(ii) Abdur Razzaq
(iii) Caesar Fredrick
(iv) Domingo Paes

Codes :

(A)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)
(B)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(C)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(D)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)

28. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

List – I (Old names of places)	**List – II (Modern names)**
a. Baran	1. Anhilwara
b. Qarachil	2. Bhatinda
c. Tabarhind	3. Kullu
d. Patan	4. Bulandshahar

Codes :

	a	b	c	d
(A)	2	3	1	4
(B)	4	3	2	1
(C)	1	2	3	4
(D)	3	2	1	4

29. Concerning the foundation of Tughlaq dynasty by Ghiyasuddin Tughlaq, which one of the following statements is not true ?

(A) At the time of accession, Ghiyasuddin's authority had been unanimously accepted.
(B) Ghiyasuddin was having at his disposal a large number of loyal soldiers who extended support.
(C) In Delhi the people contributed a lot to the stability of the Sultanate.
(D) The treasury of the empire which the Sultan inherited was very sound.

30. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R) :

Assertion (A) : The conduct of ruling authority in the Sultanate of Delhi was governed by the Shariat.

Reason (R) : The ideal of the state was not to convert the entire country from dar-ul-harb into dar-ul-Islam.

Read the above statements and select the correct answer from the codes given below :

Codes :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

31. Shaikh Sharfuddin Yahya Maneri belonged to the Sufi Silsilah

(A) Firdausi
(B) Chishti
(C) Suhrawardi
(D) Naqshbandi

32. Which one of the following is not correct in respect of Baburnamah ?

(A) The memoir of Babur is a historical source of great literary value.
(B) The events described are not in chronological order.
(C) Babur described every good or bad act with utmost impartiality.
(D) Historical events are inextricably mixed up with Babur's own opinions, sentiments and judgements.

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

27. निम्न विदेशी यात्रियों की दक्षिण भारत की यात्रा को तिथिक्रमानुसार क्रम में लगाते हुए दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन करें :

(i) ए. निकितीन
(ii) अब्दुर्रज्ज़ाक़
(iii) सीज़र फ्रेड्रिक
(iv) डोमिन्गो पायस

कूट :

(A) (i) (iii) (ii) (iv)
(B) (ii) (iii) (iv) (i)
(C) (i) (ii) (iii) (iv)
(D) (ii) (i) (iv) (iii)

28. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची – I (स्थानों के पुराने नाम)	**सूची – II (आधुनिक नाम)**
a. बरन	1. अनहिलवाड़ा
b. कराचिल	2. भटिण्डा
c. तबरहिंद	3. कुल्लू
d. पट्टन	4. बुलन्दशहर

कूट :

	a	b	c	d
(A)	2	3	1	4
(B)	4	3	2	1
(C)	1	2	3	4
(D)	3	2	1	4

29. ग्यासुद्दीन तुगलक द्वारा तुगलक वंश की नींव रखने से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) सिंहासनारूढ़ होते समय, ग्यासुद्दीन के अधिकार को एकमत से स्वीकृत किया गया था ।

(B) ग्यासुद्दीन के पास भारी गिनती में वफादार सिपाही थे जिन्होंने उसे समर्थन दिया ।

(C) सल्तनत की स्थिरता के लिए दिल्ली में लोगों ने भारी योगदान दिया ।

(D) सल्तनत का खजाना जो उसे विरासत में मिला बहुत सुदृढ था ।

30. नीचे दो कथन हैं, प्रथम को अभिकथन (A) और द्वितीय को तर्क (R) कहा गया है ।

अभिकथन (A) : दिल्ली के सल्तनत काल में शासकीय अधिकारियों का व्यवहार शरियत द्वारा संचालित होता था ।

कारण (R) : राज्य का ध्येय सम्पूर्ण देश को दार-उल-हर्ब से दार-उल-इस्लाम में परिवर्तित करना न था ।

प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

कूट :

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।

(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

31. शैख शर्फुद्दीन याहिया मनेरी सूफी सिलसिले से सम्बन्ध रखते थे :

(A) फिरदौसी (B) चिश्ती
(C) सुहरावर्दी (D) नक्शबन्दी

32. निम्नलिखित में से बाबर नामाह के सम्बन्ध में कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) बाबर के स्मरण अत्यधिक साहित्यिक मूल्य का ऐतिहासिक स्रोत है ।

(B) इसमें वर्णित घटनाएँ कालक्रमानुसार नहीं दी गई हैं ।

(C) बाबर ने प्रत्येक अच्छी-बुरी घटना का अत्यधिक निष्पक्षता से वर्णन किया है ।

(D) ऐतिहासिक घटनाएँ बाबर के निजी विचारों, मनोभावों और विवेक से इस प्रकार मिल गई हैं कि उन्हें एक दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता ।

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

33. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other is labelled Reason (R) :

Assertion (A) : All Jagirdars were primarily the mansabdars but not all mansabdars were Jagirdars.

Reason (R) : Some mansabdars were paid in cash and not through Jagirs.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

Codes :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

34. Consider the following statements concerning the Rajput States of Central India and select the correct answer from the codes given below :

(i) Baghelas ruled over Bandogarh

(ii) Dhandera was a Rajput principality in the Suba of Allahabad.

(iii) Orcha was located on the route linking the North and the Deccan.

(iv) Orcha was in the possession of the Bundela Rajputs.

Codes :

(A) (i), (ii) and (iii)

(B) (ii), (iii) and (iv)

(C) (i), (iii) and (iv)

(D) All of the above

35. Daag and Chehra in Mughal military administration were introduced during the reign of

(A) Akbar

(B) Jahangir

(C) Shahjahan

(D) Aurangzeb

36. In the battle of Haldighati, Rana Pratap of Mewar was defeated by the Mughal army led by

(A) Abdur Rahim Khan-i Khanan

(B) Raja Man Singh

(C) Raja Bhagwan Das

(D) Saadullah Khan

37. Iwan in Mughal architectural terminology means

(A) a "façade-gateway" or high portal

(B) concave element in vaults, usually arched.

(C) configuration in the shape of a square or rectangle with corners

(D) a pillared construction of any dimensions and plan

38. Under which Mughal emperor naturalist trends in Mughal painting reached their apogee ?

(A) Humayun

(B) Akbar

(C) Jahangir

(D) Shahjahan

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

33. नीचे दो कथन हैं, प्रथम को अभिकथन (A) और द्वितीय को तर्क (R) कहा गया है ।

अभिकथन (A) : प्रत्येक जागीरदार प्राथमिक रूप से मनसबदार था परन्तु प्रत्येक मनसबदार जागीरदार नहीं था ।

कारण (R) : कुछ मनसबदारों को नकद अदायगी की जाती थी, जागीरों द्वारा नहीं ।

प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

कूट :

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।

(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

34. मध्य भारत के राजपूत राज्यों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और नीचे दिए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(i) बांदोगढ़ पर बघेलाओं का शासन था ।

(ii) इलाहाबाद सूबे में धंदेरा एक राजपूत रियासत थी ।

(iii) ओरझा उत्तर और दक्खिन के संपर्क मार्ग पर स्थित था ।

(iv) ओरझा बुंदेला राजपूतों के कब्जे में था ।

कूट :

(A) (i), (ii) और (iii)

(B) (ii), (iii) और (iv)

(C) (i), (iii) और (iv)

(D) उपर्युक्त सभी

35. दाग और चेहरा मुगल सैन्य प्रशासन में किसके राज्यकाल में प्रारम्भ हुए ?

(A) अकबर (B) जहाँगीर

(C) शाहजहाँ (D) औरंगज़ेब

36. हल्दी घाटी के युद्ध में मेवाड़ के अधिपति महाराणा प्रताप को मुगल सेना ने पराजित किया जिसका नेतृत्व कर रहे थे :

(A) अब्दुर्रहीम ख़ान-ए ख़ाना

(B) राजा मानसिंह

(C) राजा भगवान दास

(D) सादुल्ला ख़ान

37. इवान का मुगल वास्तुकला शब्दावली में अर्थ है –

(A) एक मुख प्रवेशद्वार अथवा उच्च प्रवेशद्वार

(B) तहखाने का अवतल तत्त्व, जो प्राय: मेहराबदार होता है ।

(C) कोनों सहित वर्गाकार अथवा आयाताकार के रूप में संविन्यास

(D) किसी भी आकार और योजना की स्तम्भीय रचना

38. किस मुग़ल बादशाह के काल में मुग़ल चित्रकला में प्राकृतिक दृश्यों का चित्रण अपनी पराकाष्ठा पर पहुँच गया था ?

(A) हुमायूँ (B) अकबर

(C) जहाँगीर (D) शाहजहाँ

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

39. Who among the following remarked that, "Unlike contemporary early modern European kings, the Mughal emperors did not depend upon loans from private financiers to meet routine expenditure." ?

(A) Irfan Habib
(B) Sanjay Subrahmanyam
(C) W.H. Moreland
(D) J.F. Richards

40. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

List – I (Place)	**List – II (Founder)**
a. City of Bikaner	1. Rana Kumbha
b. Kirti Stambha (Chittor)	2. Rao Bika
c. City of Ahmedabad	3. Alp Khan
d. City of Hoshangabad	4. Ahmed Shah I

Codes :

	a	b	c	d
(A)	1	2	3	4
(B)	1	2	4	3
(C)	2	1	4	3
(D)	2	1	3	4

41. Which of the following pairs is <u>not</u> correctly matched ?

Institution	**Location**
(A) Khudabaksh Library	– Patna
(B) Bhandarkar Oriental Research Institute	– Pune
(C) National Library	– New Delhi
(D) Salarjung Museum	– Hyderabad

42. Arrange the following Peshwas in chronological order :

(i) Balaji Bajirao
(ii) Bajirao II
(iii) Madhav Rao I
(iv) Madhav Rao Narayan

Select the correct answer from the codes given below :

Codes :

(A) (i) (ii) (iv) (iii)
(B) (i) (iii) (iv) (ii)
(C) (ii) (iii) (i) (iv)
(D) (iii) (ii) (iv) (i)

43. Which one of the following statements is not correct ?

(A) In the Persian sources of the late medieval period of India, account on the life of rural society is very limited.
(B) The foreign travellers of the period who visited India in their accounts provide hardly any account on rural society.
(C) The regional literary sources help us to know the life and conditions of the rural people to some extent.
(D) The large mass of revenue records dealing with land revenue are of no help to construct the history of rural society in medieval India.

44. One of the following was not a major result of the Permanent Revenue Settlement of East India Company :

(A) It created a class of loyal landlords.
(B) Cultivators were put under the mercy of zamindars.
(C) It hampered the process of revenue increase to the company.
(D) Agricultural production got a major boost.

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

39. निम्नलिखित में से यह कथन किसका है कि 'पूर्व आधुनिक कालीन यूरोपीय राजाओं की भाँति उनके समकालीन मुगल बादशाह अपने रोजमर्रा के व्यय के लिए निजी साहूकारों के, ऋणों पर निर्भर नहीं करते थे ।'

(A) इरफान हबीब

(B) संजय सुब्रामनियम

(C) डब्ल्यू. एच. मोरलैण्ड

(D) जे.एफ. रिचर्डस

40. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची – I (स्थान)		**सूची – II (संस्थापक)**
a. शहर बीकानेर	1.	राणा कुम्भा
b. कीर्ति स्तम्भ (चितौड़)	2.	राव बीका
c. शहर अहमदाबाद	3.	अल्प खाँ
d. शहर होशंगाबाद	4.	अहमदशाह I

कूट :

	a	b	c	d
(A)	1	2	3	4
(B)	1	2	4	3
(C)	2	1	4	3
(D)	2	1	3	4

41. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा युग्म सही प्रकार से सुमेलित <u>नहीं</u> है ?

	संस्था		**स्थान**
(A)	खुदाबख्श लाइब्रेरी	–	पटना
(B)	भण्डारकर ओरियन्टल रिसर्च इंस्टिट्यूट	–	पुणे
(C)	नेशनल लाइब्रेरी	–	नई दिल्ली
(D)	सालारजंग म्यूज़ियम	–	हैदराबाद

42. निम्नलिखित पेशवाओं को कालक्रमानुसार सुव्यवस्थित कीजिए :

(i) बालाजी बाजीराव

(ii) बाजीराव II

(iii) माधवराव I

(iv) माधवराय नारायण

प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

कूट :

(A) (i) (ii) (iv) (iii)

(B) (i) (iii) (iv) (ii)

(C) (ii) (iii) (i) (iv)

(D) (iii) (ii) (iv) (i)

43. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) भारत के उत्तर मध्य काल के फारसी स्रोतों में ग्रामीण समाज के जीवन का विवरण बहुत सीमित है ।

(B) इस अवधि में भारत की यात्रा करने वाले विदेशी यात्रियों ने ग्रामीण समाज का बहुत कम विवरण दिया है ।

(C) क्षेत्रीय साहित्यिक स्रोत किसी हद तक ग्रामीण लोगों के जीवन और स्थिति की जानकारी प्राप्त करने में हमारे लिए सहायक होते हैं ।

(D) भू-राजस्व से संबंधित राजस्व अभिलेखों की बड़ी मात्रा, मध्यकालीन भारत के ग्रामीण समाज के इतिहास के निर्माण में सहायक नहीं है ।

44. निम्नलिखित में से कौन सा ईस्ट इंडिया कम्पनी के स्थायी राजस्व बंदोबस्त का मुख्य प्रतिफल नहीं था ?

(A) इसने जागीरदारों का एक वफादार वर्ग खड़ा किया ।

(B) काश्तकारों को जमींदारों की कृपा पर छोड़ दिया ।

(C) कम्पनी की राजस्व वृद्धि प्रक्रिया में रुकावट आ गई ।

(D) कृषि उत्पादन को विशेष बढ़ावा मिला ।

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

45. Who was the Governor of Bengal between 1667 and 1669 ?

(A) Robert Clive

(B) Verlest

(C) Cartier

(D) Count de Lally

46. The founder of the Nizam's State in Hyderabad was

(A) Nizam Ali Khan

(B) Muzaffar Jung

(C) Chin Lulich Khan

(D) Mir Osman Ali Khan

47. Arrange the following revolts in the chronological order and select the correct answer from the codes given below :

(i) Koli

(ii) Santhal

(iii) Chuar and Ho

(iv) Waghera

Codes :

(A) (iii) (iv) (i) (ii)

(B) (iii) (iv) (ii) (i)

(C) (iv) (iii) (i) (ii)

(D) (i) (iii) (iv) (ii)

48. The English East India Company lost its monopoly of Indian trade by throwing it open to the Britishers by the Charter Act of

(A) 1793

(B) 1813

(C) 1833

(D) 1853

49. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled Reason (R) :

Assertion (A) : The British had no coherent place for the princes in their imperial ideology.

Reason (R) : The princes were kept apart from each other. These traditional rulerships served the purpose of announcing India's enduring 'differences'.

Read the above statements and select the correct answers from the codes given below :

Codes :

(A) (A) is correct but (R) is false.

(B) (A) is incorrect but (R) is correct.

(C) Both are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(D) Both are correct and (R) is not the correct explanation of (A).

50. Who was the Governor of Madras in 1661 ?

(A) Fox Croft

(B) Streynsham

(C) Gerald Aungier

(D) Charles Boone

51. Which one of the following policy document was called the 'Magna Carta' of Western education system in India ?

(A) MaCaulay's Minute of 1835

(B) Indian Education Commission Report of 1882

(C) Charles Woods Despatch of 1854

(D) Releigh Commission Report of 1902

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

45. वर्ष 1667 और 1669 के बीच बंगाल का गवर्नर कौन था ?

(A) राबर्ट क्लाइव

(B) वर्लेस्ट

(C) कार्टियर

(D) काउंट डी लाली

46. हैदराबाद के निजाम राज्य का संस्थापक था –

(A) निज़ाम अली खान

(B) मुजफ्फर जुंग

(C) छिन लूलिच खान

(D) मीर उस्मान अलीखान

47. निम्नलिखित विद्रोहों को कालक्रम में लगाइए और नीचे दिए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(i) कोली

(ii) संथाल

(iii) चौर और हो

(iv) वघेरा

कूट :

(A) (iii) (iv) (i) (ii)

(B) (iii) (iv) (ii) (i)

(C) (iv) (iii) (i) (ii)

(D) (i) (iii) (iv) (ii)

48. किस चार्टर एक्ट से भारतीय व्यापार का मार्ग अंग्रेजों के लिए खुल गया और ईस्ट इंडिया कम्पनी के लिए समाप्त हो गया ?

(A) 1793 (B) 1813

(C) 1833 (D) 1853

49. नीचे दो कथन दिये जा रहे हैं । प्रथम को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) कहा गया है ।

अभिकथन (A) : ब्रिटिश शासन के पास देशी रियासतों के लिए अपनी शाही नीति में कोई सुसंगत स्थान नहीं था ।

कारण (R) : वे देशी राजाओं को एक दूसरे से अलग रखते थे । इस पारम्परिक शाही ने भारत के स्थायी भेद को प्रगट करने के प्रयोजन को पूरा किया ।

उपर्युक्त कथनों को पढ़िए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

कूट :

(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(B) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।

50. वर्ष 1661 में निम्नलिखित में से कौन मद्रास का गवर्नर था ?

(A) फॉक्स क्राफ्ट

(B) स्ट्रेयंशाम

(C) गेराल्ड औंगीर

(D) चार्ल्स बून

51. निम्नलिखित नीति दस्तावेज़ों में से किसे भारत में पाश्चात्य शिक्षा पद्धति का 'मैग्नाकार्टा' कहा जाता है ?

(A) मैकाले का 1835 का मिनट

(B) भारतीय शिक्षा आयोग की रिपोर्ट 1882

(C) चार्ल्स वुडस का 1854 का डिस्पैच

(D) रेले आयोग रिपोर्ट, 1902

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

52. In whose honour Gateway of India was built ?

(A) King George V

(B) King George VI

(C) Prince of Wales

(D) Queen Victoria

53. Match the List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

List – I	**List – II**
a. Dadabhai Naoroji	1. Indian Mirror
b. Dwarakanath Vidyabhushan	2. Rast Goftar
c. Devendranath Tagore	3. Swadesh-amitram
d. G.S. Aiyer	4. Somaprakasha

Codes :

	a	b	c	d
(A)	3	2	4	1
(B)	2	4	3	1
(C)	2	1	3	4
(D)	2	4	1	3

54. Veda Samaj founded under the initiative of Kesab Chandra Sen in 1864 in Madras was renamed as the Brahmo Samaj of South India in 1871 by

(A) Sir R. Venkataratnam Naidu

(B) Rajagopala Naidu

(C) Subbarayala Chetti

(D) K. Sreedharalu Naidu

55. Arrange the following Viceroys in chronological order and select the correct answer from the codes given below :

(i) Lord Reading

(ii) Earl of Willingdon

(iii) Sir John Lawrence

(iv) Earl of Dufferin

Codes :

(A) (iii) (iv) (i) (ii)

(B) (iii) (i) (ii) (iv)

(C) (ii) (iii) (iv) (i)

(D) (iv) (ii) (i) (iii)

56. Given below are the two statements, one is labelled as Assertion (A) and other is labelled as Reason (R) :

Assertion (A) : Indian States Commission reiterated that 'Paramountcy must remain Paramount'.

Reason (R) : The British were disenchanted with the new corporate princely culture.

Read the above statements and select the correct answer from the codes given below :

Codes :

(A) (A) is correct but (R) is false.

(B) (A) is incorrect but (R) is correct.

(C) Both are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(D) Both are correct and (R) is not the correct explanation of (A).

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

52. गेट वे ऑफ इंडिया का निर्माण किसके सम्मान में किया गया था ?

(A) किंग जार्ज V

(B) किंग जार्ज VI

(C) प्रिंस ऑफ वेल्स

(D) महारानी विक्टोरिया

53. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची – I	**सूची – II**
a. दादाभाई नौरोजी	1. इंडियन मिरर
b. द्वारकानाथ विद्याभूषण	2. राष्ट्र गुफ्तार
c. देवेन्द्रनाथ टैगोर	3. स्वदेशमित्रम्
d. जी.एस. अय्यर	4. सोमप्रकाश

कूट :

	a	b	c	d
(A)	3	2	4	1
(B)	2	4	3	1
(C)	2	1	3	4
(D)	2	4	1	3

54. वेद समाज जो केशव सेन की पहल पर 1864 में मद्रास में स्थापित हुआ उसी को दुबारा 1871 में दक्षिण भारत के ब्रह्म समाज के नाम से किसने चलाया ?

(A) सर आर. वेंकटरत्नम् नायडू

(B) राजगोपाला नायडू

(C) सुब्बारायला छेत्ती

(D) के. श्रीधरलू नायडू

55. निम्नलिखित वायसरायों को कालक्रम में लगाइए और नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(i) लार्ड रीडिंग

(ii) अर्ल ऑफ विलिंगडन

(iii) सर जॉन लारेंस

(iv) अर्ल ऑफ डफरिन

कूट :

(A) (iii) (iv) (i) (ii)

(B) (iii) (i) (ii) (iv)

(C) (ii) (iii) (iv) (i)

(D) (iv) (ii) (i) (iii)

56. नीचे दो कथन दिये जा रहे हैं । प्रथम को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) कहा गया है ।

अभिकथन (A) : भारतीय राज्य आयोग ने 'रेखांकित किया कि सर्वोच्चता' को सर्वोच्च ही रहना चाहिए ।

कारण (R) : अंग्रेजों का नवीन सामूहिक राजाशाही संस्कृति से मोहमंत्र हो गया था ।

उपर्युक्त कथनों को पढ़िए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

कूट :

(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(B) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

57. Arrange the following Commissions in the chronological order and select the correct answer from the codes given below :

(i) Kothari Commission

(ii) Radhakrishnan Commission

(iii) Sadler Commission

(iv) University Grants Commission

Codes :

(A) (iii) (ii) (iv) (i)

(B) (ii) (iii) (iv) (i)

(C) (iv) (iii) (i) (ii)

(D) (iii) (ii) (i) (iv)

58. Mrs. Annie Besant became the first woman President of Indian National Congress in the year

(A) 1916

(B) 1917

(C) 1919

(D) 1921

59. Who said in 1904 that "Bengal United is a power", "Bengal divided will pull in several different ways." ?

(A) Lord Curzon

(B) Herbert Risley

(C) Lord Minto

(D) Sir Lancelot Hare

60. Shyamji Krishna Varma set up the India House in London to work for India's freedom in the year

(A) 1902

(B) 1905

(C) 1907

(D) 1909

61. Who has called Gopal Krishna Gokhale a rare combination of "the practical, strenuous worker and the mystic dreamer of dreams" ?

(A) Mrs. Sarojini Naidu

(B) Mrs. Annie Besant

(C) Ganesh Savarkar

(D) V.D. Savarkar

62. Vaikom Satyagraha was launched by Gandhiji in Kerala to

(A) ban devadasi system in temple services.

(B) remove untouchability

(C) for the appointment of non-Brahmins as priests

(D) open the temples for the entry of avarnas or lower castes.

63. Match the List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

List – I	**List – II**
a. Collins, Larry and Lapierre	1. Satanic Verses
b. Judith Brown	2. The Great Divide : Britain-India-Pakistan
c. Salman Rushdie	3. Freedom At Midnight
d. H.V. Hudson	4. Gandhi's Rise to Power

Codes :

	a	b	c	d
(A)	3	4	1	2
(B)	4	2	3	1
(C)	1	3	4	2
(D)	3	1	4	2

64. Who has remarked, 'history is more interesting than a novel' ?

(A) David Hume (B) Toynbee

(C) Livy (D) Tacitus

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

57. निम्नलिखित आयोगों को कालक्रम में लगाइए और नीचे दिए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(i) कोठारी आयोग

(ii) राधाकृष्णन आयोग

(iii) सैडलर आयोग

(iv) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

कूट :

(A) (iii) (ii) (iv) (i)

(B) (ii) (iii) (iv) (i)

(C) (iv) (iii) (i) (ii)

(D) (iii) (ii) (i) (iv)

58. श्रीमती एनी बेसेंट किस वर्ष भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष बनी थी ?

(A) 1916

(B) 1917

(C) 1919

(D) 1921

59. 1904 में किसने कहा था कि "संयुक्त बंगाल एक शक्ति है, विभाजित बंगाल कई भिन्न रास्तों पर चलेगा" ?

(A) लार्ड कर्ज़न

(B) हर्बट रिसले

(C) लार्ड मिंटो

(D) सर लांसलोट हारे

60. श्यामजी कृष्ण वर्मा ने निम्नलिखित में से किस वर्ष भारत की स्वतंत्रता के लिए कार्य करने हेतु लंदन में इंडिया हाउस स्थापित किया था ?

(A) 1902

(B) 1905

(C) 1907

(D) 1909

61. निम्नलिखित में से किसने गोपाल कृष्ण गोखले को "व्यावहारिक, कर्मठ कार्यकर्ता और स्वप्नों का गूढ़ स्वप्नदृष्टा" के गुणों का अनोखा संगम कहा है ?

(A) श्रीमती सरोजिनी नायडु

(B) श्रीमती एनी बेसेंट

(C) गणेश सावरकर

(D) वी.डी. सावरकर

62. वैकम सत्याग्रह को गांधीजी ने केरल में <u>किस लिए</u> प्रारम्भ किया ?

(A) मंदिरों से देवदासी प्रथा के उन्मूलन के लिए ।

(B) अस्पृश्यता को दूर करने के लिए ।

(C) गैर-ब्राह्मणों को पुजारी लगवाने के लिए ।

(D) मंदिर के द्वार निम्न जातियों अथवा अवर्णों के प्रवेश के लिए खुलवाने हेतु ।

63. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची – I	**सूची – II**
a. कोलिन्स, लारी और लेपीयर	1. सेटानिक वर्सेस
b. जुडिथ ब्राउन	2. द ग्रेट डिवाइन : ब्रिटेन-इंडिया-पाकिस्तान
c. सलमान रुसदी	3. फ्रीडम ऐट मिडनाइट
d. एच.वी. हडसन	4. गांधीज राइज टु पॉवर

कूट :

	a	b	c	d
(A)	3	4	1	2
(B)	4	2	3	1
(C)	1	3	4	2
(D)	3	1	4	2

64. यह टिप्पणी किसने की है कि 'इतिहास उपन्यास से अधिक रुचिकर होता है' ?

(A) डेविड ह्यूम (B) टोयन्बी

(C) लिवी (D) टेसिटस

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

65. Concerning relation of history with other subjects which one of the following statements is not correct ?

(A) Modern economic history is supported by statistical data to a considerable extent.

(B) For a long time history was not considered as a branch of literature.

(C) The relation between creative ideas and their impact on society has resulted in the formation of intellectual history.

(D) Time and space factors give history its correct perspective.

66. Who among the following declared that the postmodernist ideas were a menace to historical study ?

(A) Arthur Marvic

(B) Holden Furber

(C) Richard J. Evans

(D) H.E. Barnes

67. Consider the following observations relating to Renaissance and select the correct answer from the codes given below :

(i) Renaissance was marked with a new kind of learning signified by a spirit of inquiry into every aspect of human thought.

(ii) More emphasis was given to man and humanism than to god and spiritualism.

(iii) The study of the works produced by ancient Greek and Roman scholars was not given importance.

(iv) The humanist movement which ushered in Renaissance could not emancipate the western thought from the bondage of medieval Christianity.

Codes :

(A) (i) and(ii)

(B) (i) and (iii)

(C) (ii), (iii) and (iv)

(D) (i) (ii), (iii) and (iv)

68. Match the List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

List – I	**List – II**
a. Montesquieu	1. Divine Comedy
b. Dante	2. The Spirit of Laws
c. Rousseau	3. The Social Contract
d. Machiavelli	4. The Prince

Codes :

	a	b	c	d
(A)	2	1	3	4
(B)	3	4	2	1
(C)	4	3	1	2
(D)	2	3	4	1

69. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

List – I	**List – II**
a. Jacob Burckhardt	1. The Society of Jesus
b. Ignatius of Loyola	2. Critique of Pure Reason
c. John Calvin	3. The Civilization of the Renaissance in Italy
d. Immanuel Kant	4. Institutes of the Christian Religion

Codes :

	a	b	c	d
(A)	3	1	4	2
(B)	4	3	1	2
(C)	3	4	1	2
(D)	1	3	2	4

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

65. अन्य विषयों के साथ इतिहास के संबंध के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) आधुनिक आर्थिक इतिहास का समर्थन काफी हद तक सांख्यिकीय आंकड़ों से किया जाता है ।

(B) लंबे समय तक इतिहास को साहित्य की शाखा नहीं माना जाता था ।

(C) सृजनात्मक विचार और समाज पर उनके प्रभाव के कारण बौद्धिक इतिहास का निर्माण हुआ है ।

(D) समय और स्थान ऐसे कारक हैं, जो इतिहास को सही परिप्रेक्ष प्रदान करते हैं ।

66. निम्नलिखित में से किसने यह घोषणा की थी कि उत्तर आधुनिकवादी के विचार ऐतिहासिक अध्ययन के लिए एक खतरा है ?

(A) अर्थर मार्विक (B) होल्डन फर्बर

(C) रिचर्ड जे. इवान्स (D) एच. ई. बर्नीज

67. पुनर्जागरण काल से संबंधित निम्नलिखित टिप्पणियों पर विचार कीजिए और नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(i) पुनर्जागरण इस प्रकार की नई सीख को स्पष्ट करता है, जो मानवीय विचार के प्रत्येक पहलू में जिज्ञासा की भावना के महत्त्व को प्रकट करती है ।

(ii) ईश्वर और आध्यात्मवाद की तुलना में मानव और मानवतावाद पर अधिक बल दिया गया है ।

(iii) ग्रीक और रोमन के प्राचीन विद्वानों द्वारा रचित ग्रंथों के अध्ययन को महत्त्व नहीं दिया गया ।

(iv) मानवतावादी आंदोलन से उत्पन्न पुनर्जागरण पश्चिमी विचारों को मध्यकालीन ईसाईमत के बंधनों से मुक्ति नहीं दिला सका ।

कूट :

(A) (i) और (ii)

(B) (i) और (iii)

(C) (ii), (iii) और (iv)

(D) (i), (ii), (iii) और (iv)

68. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची – I	**सूची – II**
a. मान्टेस्क्यु	1. डिवाइन कॉमेडी
b. दांते	2. द स्प्रिट ऑफ लॉज
c. रूसो	3. द सोसिएल कान्ट्राक्ट
d. मैकियावली	4. द प्रिंस

कूट :

	a	b	c	d
(A)	2	1	3	4
(B)	3	4	2	1
(C)	4	3	1	2
(D)	2	3	4	1

69. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची – I	**सूची – II**
a. जैकब बरखर्डट	1. द सोसाइटी ऑफ जेसस
b. इग्नेटस ऑफ लोयोला	2. क्रिटिक ऑफ प्योर रिजन
c. जॉन केल्विन	3. द सिविलाइजेशन ऑफ द रेनाइसेन्स इन इटली
d. इमैनुअल कांट	4. इन्स्टिट्यूट ऑफ द क्रिस्चियन रिलीजन

कूट :

	a	b	c	d
(A)	3	1	4	2
(B)	4	3	1	2
(C)	3	4	1	2
(D)	1	3	2	4

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

70. The Durham Report advocated the need of a gradual emancipation of British Colonies towards a state of complete independence. The recommendation was applied to
(A) The Colonies in Africa
(B) The Colonies in Asia
(C) The Colonies in Europe
(D) All of the above

Read the following passage and answer the questions numbers **71** to **75** :

Aśoka (c. 273-236 B.C.), the grandson of Chandragupta, styled 'the beloved of the gods' and 'of lovable appearance', succeeded to the throne of Pāṭaliputra by winning a fratricidal war. Nine years after his accession he rounded off the empire which he inherited from his grandfather by annexing Kaliṅga. The Kaliṅga war brought to the emperor a violent reaction, no doubt under the influence of Buddha's teachings. He regretted the vast numbers of men killed or taken prisoner; he bemoaned the lot of pious men and women to whom befell 'personal violence, death or banishment from loved ones'; and he eschewed for ever war as an instrument of governance. 'If any one does him wrong, the "beloved of the god" must bear all that can be borne. He embarked on a career of Dharma Vijaya, conquest through Dharma. He set up a network of missions to preach Dharma; declared that all men were his children; 'and what little effort I make, – what is it for ? – (in order) that I may be free from debt to the creatures, that I may render some happy here and that they may gain heaven in the next world', said he. The Emperor constituted himself as the guardian of the moral and material welfare of the world.

71. Asoka is throughout referred to as 'Devanampiya' and 'Piyadasi' in his edicts except a few. Which are such exceptions ?
(i) Maski
(ii) Gujarra
(iii) Nittur
(iv) Udegolam
Select the correct answer with the help of the codes given below :
Codes :
(A) (i) only
(B) (i) and (ii)
(C) (i), (iii) and (iv)
(D) (i) (ii), (iii) and (iv)

72. Which is that source which gives a lie to the tradition of a fratricidal war of Asoka ?
(A) Asokavadana
(B) Dipavamsa
(C) Asokan Rock Edict IV
(D) Asokan Pillar Edict VII

73. Which one of the following did <u>not</u> form part of the Asokan empire ?
(A) Tamilakam (B) Saurashtra
(C) Kandahar (D) Kashmir

74. In which of his edicts does Asoka express remorse for the sufferings caused by the Kalinga war ?
(A) Separate Kaling Edicts
(B) Bhabru Edict
(C) Rock Edict XIII
(D) Rock Edict IV

75. In which of his following inscriptions did Asoka declare that all people were his children ?
(A) Minor Rock Edict I
(B) Rock Edict XII
(C) Separate Kaling Edicts
(D) Rummindei Pillar Edict

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

70. दुर्हाम की रिपोर्ट में पूर्ण स्वतंत्र राज्य कि दिशा में अंग्रेजों के उपनिवेशों की धीरे-धीरे मुक्ति की आवश्यकता का समर्थन किया गया था, यह सिफारिश निम्नलिखित में से किस पर लागू की गई ?

(A) अफ्रीका में उपनिवेश
(B) एशिया में उपनिवेश
(C) यूरोप में उपनिवेश
(D) उपर्युक्त सभी

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए तथा प्रश्न सं. **71** से **75** का उत्तर दीजिए :

चन्द्रगुप्त के पौत्र अशोक (273-236 ई.पू.) जिसे देवानांपिय (देवताओं को प्रिय) एवं पियदसि (प्रियदर्शी) कहा गया है । भ्रातृ-युद्ध में विजयी होकर पाटलिपुत्र के सिंहासन पर विराजमान हुए । सिंहासनारूढ़ होने के नौ वर्ष पश्चात कलिङ्ग का युद्ध जीतकर उन्होंने उस राज्य को पूर्णता प्रदान की जिसे उन्होंने अपने पूर्वजों से प्राप्त किया था ।

कलिङ्ग युद्ध की सम्राट के ऊपर भयावह प्रतिक्रिया हुई । निस्सन्देह यह प्रतिक्रिया बुद्ध की शिक्षाओं के कारण हुई थी । अशोक को भारी संख्या में मारे गए अथवा बंदी हुए लोगों पर खेद था । उन्हें धर्मपरायण पुरुषों और स्त्रियों की दशा का दु:ख था जिन पर व्यक्तिगत हिसा, मृत्यु अथवा अपने प्रियजनों से बिछुड़ने का आघात पड़ा था, उन्होंने शासन के उपकरण के रूप में युद्ध के उपयोग को हमेशा के लिए तिलांजलि देते हुए कहा कि 'यदि उसे कोई नुकसान पहुँचाता है तो वह वहाँ तक सब कुछ सहन करेगा जो सहनीय होगा ।' कलिंग युद्ध के बाद उन्होंने धर्म विजय (अर्थात धर्म के द्वारा विजय) के पथ का अनुसरण किया । उन्होंने धर्म के प्रचार के लिए धर्म-प्रचारकों का एक वर्ग (नेटवर्क) स्थापित किया । उन्होंने घोषणा की कि सभी लोग मेरी सन्तान है । उन्होंने यह घोषणा भी की कि और जो छोटा सा प्रयास में करता हूँ - वह किस लिए है ? इसलिए कि मैं प्राणियों के ऋण से मुक्त हो सकूँ, मैं कुछेक को इस धरती पर प्रसन्न कर सकूँ और वे इस लोक में स्वर्ग प्राप्त कर सकें । सम्राट ने अपने आप को संसार के नैतिक एवं भौतिक कल्याण के अभिभावक की भूमिका में स्वीकार किया ।

71. कुछ अपवादों को छोड़कर अशोक का उल्लेख उसके सभी अभिलेखों में 'देवानांपिय' एवं 'पियदसि' के रूप में हुआ है । वे अपवाद कौन से हैं ?

(i) मास्की
(ii) गुजर्रा
(iii) नित्तुर
(iv) उदेगोलम

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

कूट :

(A) केवल (i)
(B) (i) और (ii)
(C) (i), (iii) और (iv)
(D) (i), (ii), (iii) और (iv)

72. वह साक्ष्य कौन सा है जो अशोक के भ्रातृ-युद्ध की परम्परा को झुंठलाता है ?

(A) अशोकावदान
(B) दीपवंश
(C) अशोक का चौथा शिलालेख
(D) अशोक का सातवाँ स्तम्भलेख

73. निम्नलिखित में से कौन अशोक के साम्राज्य में सम्मिलित नहीं था ?

(A) तमिलकम् (B) सौराष्ट्र
(C) कन्दहार (D) कश्मीर

74. अपने किस अभिलेख में अशोक कलिङ्ग युद्ध के रक्तचाप की विभीषिका पर अपना पश्चाताप व्यक्त करता है ?

(A) पृथक कलिङ्ग अभिलेख
(B) भाब्रू अभिलेख
(C) तेरहवाँ शिलालेख
(D) चौथा शिलालेख

75. निम्नलिखित में से अपने किस अभिलेख में अशोक ने यह घोषणा की कि सभी लोग उसकी सन्तान है ?

(A) पहला लघु शिलालेख
(B) बारहवाँ शिलालेख
(C) पृथक कलिङ्ग अभिलेख
(D) रुम्मिनदेयी स्तम्भलेख

ANSWER KEY - LAST PAGE OF EACH PAPER

Space For Rough Work

ANSWERS

1. (D)	2. (C)	3. (A)	4. (C)	5. (A)	6. (A)	7. (C)	8. (B)	9. (D)	10. (A)
11. (C)	12. (B)	13. (B)	14. (D)	15. (D)	16. (B)	17. (B)	18. (B)	19. (C)	20. (D)
21. (D)	22. (C)	23. (B)	24. (C)	25. (B)	26. (B)	27. (D)	28. (B)	29. (D)	30. (C)
31. (A)	32. (B)	33. (A)	34. (C)	35. (A)	36. (B)	37. (D)	38. (C)	39. (D)	40. (C)
41. (C)	42. (B)	43. (D)	44. (D)	45. (B)	46. (C)	47. (A)	48. (B)	49. (D)	50. (A)
51. (C)	52. (A)	53. (D)	54. (D)	55. (A)	56. (C)	57. (A)	58. (B)	59. (B)	60. (B)
61. (A)	62. (D)	63. (A)	64. (A)	65. (B)	66. (A)	67. (A)	68. (A)	69. (A)	70. (C)
71. (D)	72. (C)	73. (A)	74. (C)	75. (A)					